REPORT OF THE COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): Madam, I beg to lay on the Table a copy (in English and Hindi) of the Eighth Report of the Committee on Public Undertakings on action taken by Government on the recommendations contained in their Fifty-seventh Report (Eighth Lok Sabha) on Food Corporation of India—Despatches of substandard wheat

---

MOTION FOR ELECTION TO THE CENTRAL SILK BOARD

वस्त्र तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री हुक्मदेव नारायण यादव) : मैं प्रस्ताव करता हू कि

"केन्द्रीय रेशम बोर्ड अधिनियम 1948 (1948 का 61) की धारा 4 की उपधारा (3) के खण्ड (ग) के अनुसरण मे यह सभा उस रीति से, जैसा सभापति निर्देश दे, सभा के सदस्यो मे से दो सदस्यो को केन्द्रीय रेशम बोर्ड का सदस्य होने के लिए निर्वाचित करने की कार्यवाही करें।"

The question was put and the motion was adopted

MOTION FOR ELECTION TO THE COFFEE BOARD

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री शांतिलाल पुरुषोत्तमदास पटेल): मैं प्रस्ताव करता हू कि

"काफी नियम 1955 के नियम 4 के उपनियम (1) के साथ पठित काफी अधिनियम 1942 (1942 का 7) की धारा 4 की उपधारा (2) के खड (ख) के अनुसरण मे यह सभा उस रीति से, जैसे सभापति निर्देश दे, सभा के सदस्यो मे से एक सदस्य को उक्त बोर्ड का सदस्य होने के लिए निर्वाचित करने की कार्यवाही करे।"

The question was put and the motion was adopted.

REG. THE MEMORANDUM OF SHRI SIMRANJEET SINGH MANN

SHRI R K DHAWAN (Andhra Pradesh). Madam Deputy Chairman. (*Interruptions*)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश): महोदया, मुझे एक निवेदन करने की अनुमति दीजिए ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : एक्साइज स्केडल ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक बडे महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हू । प्रधान मत्री महोदय ने सिमरनजीत सिंह मान से बातचीत की है । अखबारो मे उस बारे मे छपा है। मेरे हाथ मे मेमोरेंडम भी है, जो मेमोरेंडम मान साहब ने प्रधान मत्री को दिया था। उनकी कुछ टिप्पणिया भी है प्रधान मंत्री महोदय की, मेमोरेडम उन्होने जो नेताओ के पास भेजा था । लेकिन अफसोस यह है कि इस सदन को प्रधान मत्री और सरकार ने अब तक विश्वास मे नही लिया है कि क्या हुआ है ? उसमे बडे महत्व की बातें हैं । सबसे ओपनिंग पैराग्राफ मे ही मान साहब कहते है कि

"The Hindus, Muslims and the Sikhs were the signatories to the memorandum "

उपसभापति : माथुर साहब, आप भाषण न करे । आपने अपनी बात कहदी । आपको पता है कि मेरे सामने लिस्टेड बिजनेस है।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर:एक मिनिट लूगा (**व्यवधान**)...विषय तो पूरा रखने दीजिए ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : यह पता तो लगे कि यह मेमोरडम सच्चा है या झूठा । अगर यह प्रधान मत्री महोदय को दिया गया तो प्रधान मत्री महोदय सदन के पटल पर रखे पढकर सुनाए .. (**व्यवधान**) . .